डॉ.श्यामा प्रसाद राजकीय महाविद्यालय भदोही, उत्तर प्रदेश
मिशन शक्ति फेज- 5

आख्या **दिनांक:18/10/2025**

विषय: मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन।

दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत ""महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन " महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा करें।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को न केवल सशक्त बनाता है बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम भी है।कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति के प्रभारी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, चरणों और इसके तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रुस्तम अली एवं श्री बृजेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री बृजेश कुमार ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. ऋतिक रंजन सिंह, डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. अंकिता तिवारी, पूनम द्विवेदी, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. अनीश मिश्रा एवं डॉ. रुस्तम अली उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही


GPS Map Camera
Google
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378327° Long 82.593449°
18/10/25 11:52 AM GMT +05:30

हिन्दुस्त

सुरक्षा, स्वावलंबन को काम कर रही सरकार

- मिशन नारी शक्ति के तहत डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम

भदोही, संवाददाता। शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्राचार्य डा. माया ने मुख्य वक्ता स्नेहलता श्रीवास्तव का स्वागत किया। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा करें।

पूनम द्विवेदी, डा. रुस्तम अली, बृजेश कुमार, डा. ऋतिक रंजन सिंह, डा. शिखा तिवारी, डा. अंकिता तिवारी, पूनम द्विवेदी, डा. सुजीत कुमार सिंह, डा. अनीश मिश्र, डा. रुस्तम अली रहे।

महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक

जागरण संवाददाता, भदोही : डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिता और मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता समाजसेविका स्नेहलता श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा करें।

एसपीएम राजकीय महाविद्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मेछात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करती समासेविका स्नेहलता ● जागरण

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को न केवल सशक्त बनाता है बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम भी है।

इससे पहले मिशन शक्ति प्रभारी पूनम द्विवेदी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, चरणों और इसके तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बताया कि यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल है। संचालन डा. रुस्तम अली, धन्यवाद ज्ञापन बृजेश कुमार ने प्रस्तुत किया। इससे पहले सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में सुहानी मौर्य प्रथम, शाहिस्ता बानो द्वितीय एवं बिरजू प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। श्लोगन प्रतियोगिता में हुस्ना परवीन ने प्रथम, अनिशा ने द्वितीय एवं रोशनी यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्राचार्य डा. माया ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है। रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य डा. राजकुमार सिंह यादव, डा. अनीश कुमार मिश्र, डा. सुजीत कुमार सिंह, डा.. रुस्तम अली, डा. ऋत्विक रंजन सिंह, डा. अमित तिवारी, आशीष जायसवाल सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

****